संख्या– 686 /2–114(2)/(2015)रा0यो0आ0/2024

प्रेषक,

अपर सदस्य सचिव,
राज्य योजना आयोग,
उत्तराखण्ड शासन।

प्रेष्य,

समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तराखण्ड।

राज्य योजना आयोग — देहरादून — दिनांकः 27 मई, 2024

विषयः– **राज्य योजना आयोग में विभिन्न पदों हेतु सेवा स्थानान्तरण के आधार पर आवेदन आंमत्रित किये जाने विषयक।**

महोदय,

राज्य योजना आयोग (नियोजन विभाग), उत्तराखण्ड शासन, देहरादून में उत्तराखण्ड सरकार के विभिन्न राजकीय विभागों में समान वेतनमान में कार्यरत कार्मिकों से सेवा स्थानान्तरण के आधार पर निम्न विवरणानुसार आवेदन आंमत्रित किये जाते हैं:–

| क0सं0 | पद का नाम | वेतनमान | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | सहायक शोध अधिकारी | लेवल–6 | 05 (पांच) |
| 2 | अपर शोध अधिकारी | लेवल–7 | 05 (पांच) |
| 3 | शोध अधिकारी | लेवल–10 | 05 (पांच) |
| 4 | वरिष्ठ शोध अधिकारी | लेवल–11 | 02 (दो) |

उक्त पद हेतु आवेदन–पत्र का प्रारूप एवं तत्सम्बन्धी नियम एवं शर्तें पत्र के साथ संलग्न है। कृपया अपने नियंत्रणाधीन समान वेतनमान में कार्यरत कार्मिकों को आवेदन–पत्र परिचालित करते हुये इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र विभागीय अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित राज्य योजना आयोग, 4–सुभाष रोड, विश्वकर्मा भवन, उत्तराखण्ड, देहरादून को बेवसाइट www.spc.uk.gov.in के माध्यम से दिनांक 28 जून, 2024 सांय 5 बजे तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

27/05/24.

( डॉ0 विजय कुमार जोगदण्डे )
अपर सदस्य सचिव।

Web manager, SPC
SPC website पर upload करें

## राज्य योजना आयोग में सहायक शोध अधिकारी/शोध अधिकारी एवं वरिष्ठ शोध अधिकारी के पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित पद का पदनामः– ......................................

(आवेदित पद का पदनाम मोटे अक्षरों में शीर्ष एवं लिफाफे के बाहर से लिखा होना चाहिए)।

फोटो स्वप्रमाणित

1. पूरा नाम (बड़े अक्षरों में)..........................................................................
2. पिता का नामः–...........................................................................................
3. वर्तमान पता (बड़े अक्षरों में)..........................................................................
4. राष्ट्रीयताः–..................................................................................................
5. जन्म तिथिः–.................................................................................................
6. शैक्षिक योग्यताः–

सभी परीक्षाओं की सूची (प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति सहित)

| क्र0 सं0 | परीक्षा का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | स्कूल/कालेज का नाम | बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम | विषय | श्रेणी जिसमें उत्तीर्ण किया/प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

7. अधिमानी योग्यता (यदि कोई हो):–..................................................................................
8. कम्प्यूटर का ज्ञान....................अवधि
9. विभाग/पद/अवधिः–

| क्र0 सं0 | मूल विभाग का नाम तथा तैनाती का स्थान | पदनाम | कार्य की अवधि | वेतनमान व मूलवेतन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |

10. **घोषणाः**– इस आवेदन पत्र में उल्लिखित सभी तथ्य मेरे ज्ञान व विश्वास में सही है। अगर कभी कोई तथ्य असत्य पाया जाता है तो आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा और असत्य सूचना पाये जाने पर मुझे मूल विभाग में वापस कर दिया जायेगा।

**स्थानः**–
**दिनांकः**–

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर एवं नाम**

---

### अनापत्ति प्रमाण पत्र

11. प्रमाणित किया जाता है कि श्री.........................................(पदनाम.....................) विभाग का नाम................. ................... के अधीन स्थायी/अस्थायी पद, वेतनमान....................................में नियमित रूप से कार्यरत हैं। राज्य योजना आयोग में शोध अधिकारी के पद हेतु इनके आवेदन के अग्रसारण में विभाग को कोई आपत्ति नहीं है। आवेदक के शोध अधिकारी पर चयन के उपरान्त........................... (अभ्यर्थी का नाम) को शीघ्र कार्यमुक्त कर दिया जायेगा।

**कार्यालयाध्यक्ष (सक्षम स्तर)/विभागाध्यक्ष**
**के हस्ताक्षर पदनाम सील मोहर**

**सेवा स्थानान्तरण हेतु भर्ती की शर्तें :–**

1. सेवा स्थानान्तरण प्रथमतः दो वर्ष या नियमित नियुक्ति/पदोन्नति होने तक, जो भी पहले घटित हो, की अवधि के लिए होगी, जिसे आवश्यकतानुसार घटाया एवं बढ़ाया जा सकता है।
2. नियमित नियुक्ति/पदोन्नति होने पर तत्समम्बन्धी पद की सेवा स्थानान्तरण अवधि तत्काल समाप्त समझी जायेगी।
3. सेवा स्थानान्तरण सम्बन्धी तैनाती शासकीय हित में नितान्त अस्थायी है, जिसे कभी भी समाप्त किया जा सकता है। पदों के सापेक्ष समायोजन का कोई भी प्राविधान नहीं है।
3. उक्त अवधि में कार्मिक को राज्य सरकार द्वारा देय समस्त भत्ते नियमानुसार देय होगें।
4. आवेदन पत्र Online निर्धारित प्रारूप पर www.spc.uk.gov.in के माध्यम से दिनांक 28 जून, 2024 सांय 5 बजे तक संलग्नकों/प्रमाण–पत्रों सहित प्राप्त किये जायेंगे। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. प्राप्त आवेदन पत्रों की जाँच (Scrutiny) के उपरान्त अर्ह अभ्यर्थी को ही साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा। इस सम्बन्ध में आवेदक को पृथक रूप से सूचित किया जायेगा।
6. आवेदनकर्ता को आवेदन पत्र के साथ वर्तमान नियोक्ता (Employer) का अनापत्ति प्रमाण–पत्र तथा विभागीय अधिकारी द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र, विभागीय कार्यवाही प्रचलन में न होने का प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. आवेदनकर्ता को साक्षात्कार के समय अपनी शैक्षिक योग्यता, अधिमानी योग्यता तथा व्यावसायिक योग्यता व आयु का मूल प्रमाण–पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।
8. राज्य योजना आयोग, नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड शासन को किसी भी अपूर्ण/अस्पष्ट सूचनाओं की दशा में आवेदन पत्र को निरस्त करने तथा जाँच (Scrutiny) करने पर अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा और इसके लिए कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।
9. आवेदक को चयन उपरान्त 20 दिन के अन्तर्गत कार्यभार ग्रहण करना होगा।
10. साक्षात्कार में बुलाये गये अभ्यर्थियों को कोई यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा तथा चयन होने के उपरान्त स्थानान्तरण यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## सहायक शोध अधिकारी/अपर शोध अधिकारी, शोध अधिकारी एवं वरिष्ठ शोध अधिकारी के पद हेतु वाछंनीय योग्यता/अनुभव

1. **सहायक शोध अधिकारी एवं अपर शोध अधिकारी पद हेतु शैक्षिक अर्हता एवं कार्यानुभवः–**

(1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से गणित/सांख्यिकी/गणितीय सांख्यिकी/अर्थशास्त्र/वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता।

(2) Data compilation, Analysis and Interpretation, monitoring & evaluation में 05 वर्ष से अन्यून अनुभव।

**(3)** कम्प्यूटर में word, Excel, PPT & e-filing का ज्ञान/अनुभव ।

2. **शोध अधिकारी पद हेतु शैक्षिक अर्हता एवं कार्यानुभवः–**

(1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से सांख्यिकी/गणितीय सांख्यिकी/ गणित/अर्थशास्त्र/वाणिज्य/समाजशास्त्र/व्यापार प्रशासन (MBA) में अंकों के कुल योग में कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त संस्था से सांख्यिकी में 02 वर्ष का स्नातकोत्तर डिप्लोमा।

(2) Data compilation, Analysis and Interpretation, monitoring & evaluation में 05 वर्ष से अन्यून अनुभव।

**(3)** कम्प्यूटर में word, Excel, PPT & e-filing का ज्ञान/अनुभव ।

3. **वरिष्ठ शोध अधिकारी पद हेतु शैक्षिक अर्हता एवं कार्यानुभवः–**

(1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से सांख्यिकी/गणितीय सांख्यिकी/ गणित/अर्थशास्त्र/वाणिज्य/समाजशास्त्र/व्यापार प्रशासन (MBA) में अंकों के कुल योग में कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त संस्था से सांख्यिकी में 02 वर्ष का स्नातकोत्तर डिप्लोमा।

(2) Data compilation, Analysis and Interpretation, monitoring & evaluation में 03 वर्ष से अन्यून अनुभव।

**(3)** कम्प्यूटर में word, Excel, PPT & e-filing का ज्ञान/अनुभव ।